# यू.पी.एस.सी.
# प्रारंभिक परीक्षा-2020
# सामान्य अध्ययन-I
# (मॉडल पेपर-5)

**1.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. अमरावती शैली की मूर्तियों में त्रिभंग आसन, यानी 'तीन झुकावों के साथ शरीर' का अत्यधिक प्रयोग किया गया है।
2. बुद्ध से संबंधित विभिन्न मुद्राओं में 'करण मुद्रा' बुराई से बचने का संकेत करती है।
3. कलसी अभिलेख अशोक द्वारा आध्यात्मिकता का मार्ग ग्रहण करने के पश्चात् उनके जीवन को भी प्रकाशित करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**2.** भारतीय वास्तुकला के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. द्रविड़ शैली के मंदिर के परिसरों का निर्माण पंचायतन शैली में किया जाता है।
2. मदुरै का मीनाक्षी मंदिर नायक शैली में निर्मित है।
3. पचीसी दरबार फतेहपुर सीकरी में स्थित एक आंगन है।
4. हरबर्ट बेकर को 'गरीबों के वास्तुकार' के रूप में जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 3 और 4

**3.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. जैनधर्म के सप्तभंगी सिद्धांत के अनुसार वेदवाक्य सर्वमान्य प्रमाण नहीं हो सकता था।
2. बौध धर्म के अनुयायियों को निर्ग्रंथ कहा जाता था।
3. महावीर की माता त्रिशला, लिच्छवि प्रमुख चेटक की बहन थीं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**4.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. गुर्जर-प्रतिहार वंश की स्थापना हरिश्चंद्र नामक राजा ने की।
2. गुर्जर-प्रतिहार त्रिपक्षीय संघर्ष (गुर्जर-प्रतिहार, राष्ट्रकूट और पाल) में विजयी हुए।
3. गुर्जर-प्रतिहार, राष्ट्रकूट तथा पाल वंश के मध्य कन्नौज पर अधिकार के लिये त्रिपक्षीय संघर्ष हुआ था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**5.** मध्यकालीन भारत में 'महत्तर' व 'पट्टकिल' पदनाम किनके लिये प्रयुक्त होते थे?
(a) सैन्य अधिकारी
(b) ग्राम मुखिया
(c) वैदिक कर्मकांड के विशेषज्ञ
(d) शिल्पी श्रेणियों के प्रमुख

**6.** इतिहास में 'तोपों के युद्ध' के नाम से कौन-सा युद्ध प्रसिद्ध है?
(a) प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध
(b) द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध
(c) प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध
(d) द्वितीय आंग्ल-सिख युद्ध

**7.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **विद्रोह** | **वर्ष** |
|---|---|---|
| 1. | कुर्ग विद्रोह | 1833 |
| 2. | पागलपंथी विद्रोह | 1813 |
| 3. | मोपला विद्रोह | 1836 |
| 4. | अहोम विद्रोह | 1828 |

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**8.** 1919 के भारत शासन अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख विशेषता है/विशेषताएँ हैं?
1. प्रांतों की कार्यकारिणी सरकार में द्वैध शासन की व्यवस्था।
2. मुसलमानों के लिये पहली बार पृथक् सांप्रदायिक निर्वाचक मंडलों की व्यवस्था।
3. केंद्र सरकार द्वारा प्रांतों को विधायिनी शक्ति का हस्तांतरण।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**9.** 19वीं शताब्दी के किसान विद्रोहों के संदर्भ में विचार कीजिये:
1. नील उत्पादक किसानों को अग्रिम धन देकर करारनामा लिखवा लेते थे, जो कि बाज़ार भाव से काफी कम दाम पर हुआ करता था। इसे ददनी प्रथा कहा जाता था।
2. पाबना विद्रोह मुख्यत: कानून के दायरे में ही रहा।
3. नील आंदोलन ब्रिटिश शासन के खिलाफ सबसे बड़ा एवं सबसे सफल किसान आंदोलन था, जिसने अन्य किसान आंदोलनों के लिये एक मिसाल कायम की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

10. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही कालक्रमानुसार व्यवस्थित है?
   (a) सांप्रदायिक पंचाट, प्रथम गोलमेज सम्मेलन, पूना पैक्ट, द्वितीय गोलमेज सम्मेलन
   (b) प्रथम गोलमेज सम्मेलन, सांप्रदायिक पंचाट, द्वितीय गोलमेज सम्मेलन, पूना पैक्ट
   (c) प्रथम गोलमेज सम्मेलन, द्वितीय गोलमेज सम्मेलन, सांप्रदायिक पंचाट, पूना पैक्ट
   (d) द्वितीय गोलमेज सम्मेलन, तृतीय गोलमेज सम्मेलन, सांप्रदायिक पंचाट, पूना पैक्ट

11. वैदिक युग के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये:
   1. ऋग्वेद काल की एकमात्र रचना ऋग्वेद संहिता है, जिसका रचना काल 25000 ई.पू. से 600 ई.पू. माना गया है।
   2. ऋग्वेद के 10 मंडलों में से दूसरे मंडल से लेकर सातवें मंडल तक के मंडलों को बाद में जोड़ा गया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. संगम साहित्य में दास प्रथा का उल्लेख नहीं मिलता है।
   2. ऐतिहासिक युग के प्रारंभ में दक्षिण भारत का क्रमबद्ध इतिहास हमें संगम साहित्य से प्राप्त होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

13. भूमि की माप से संबंधित 'गजे-सिकंदरी 'नामक पैमाना किसने विकसित किया था?
   (a) बहलोल लोदी (b) मुबारक शाह
   (c) सिकंदर लोदी (d) इब्राहिम लोदी

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. मिनर्वा मिल्स बनाम भारत संघ (1980) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने घोषित किया कि मूल अधिकारों और नीति-निदेशक तत्त्वों के मध्य संतुलन संविधान के मूल ढाँचे का हिस्सा है।
   2. वर्तमान में अनुच्छेद 31(ग) के आधार पर बनाई गई विधियों को न्यायिक पुनर्विलोकन से संरक्षण प्राप्त नहीं है।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2

15. फ्रेस्को और टेंपेरा शैली के चित्रण में क्या विभेद है?
   (a) फेस्को में सूखे प्लास्टर पर, जबकि टेंपेरा में गीले प्लास्टर पर चित्रकारी की जाती है।
   (b) फ्रेस्को में गीले प्लास्टर पर, जबकि टेंपेरा में सूखे प्लास्टर पर चित्रकारी की जाती है।
   (c) फ्रेस्को में रंग के साथ अंडे की सफेदी एवं चूना मिलाया जाता है, जबकि टेंपेरा में नहीं।
   (d) टेंपेरा में चित्रकारी विशुद्ध रंगों से की जाती है, जबकि फ्रेस्को में मिलावट वाले रंगों से।

16. निम्नलिखित में से किसे 'नटवरी नृत्य' के नाम से जाना जाता है?
   (a) कथक (b) कुचिपुड़ी
   (c) सत्रिया (d) भरतनाट्यम

17. निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक कालिदास ने नहीं लिखा था?
   (a) मालविकाग्निमित्रम् (b) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
   (c) कुमारसंभवम् (d) जानकीहरण

18. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) सुत्तपिटक में बुद्ध के गहन दार्शनिक सिद्धांतों का संकलन है।
   (b) विनयपिटक में बौद्ध धर्म के सिद्धांतों और बुद्ध के उपदेशों का संकलन है।
   (c) अभिधम्मपिटक में संघ के नियमों का वर्णन है।
   (d) उपर्युक्त में से कोई भी सत्य नहीं है।

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. जल विभाजक भूमि नदी द्रोणियों को पृथक् करती है।
   2. भारत का मुख्य जल विभाजक प्रदेश अरावली क्षेत्र से होकर गुज़रता है।
   3. हिमालयी नदियों की संख्या प्रायद्वीपीय नदियों की संख्या से कम है।
   4. हिमालयी नदियाँ प्रायद्वीपीय नदियों के सापेक्ष छोटे डेल्टा का निर्माण करती हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3 और 4
   (c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1 और 4

20. निम्नलिखित में से किस स्थान को भारत में कहवा (Coffee) का जन्मस्थान कहा जाता है?
   (a) अन्नामलाई (तमिलनाडु)
   (b) अराकू घाटी (आंध्र प्रदेश)
   (c) बाबाबुदान गिरि (कर्नाटक)
   (d) त्रावणकोर (केरल)

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. एल-नीनो एक गर्म समुद्री जलधारा है, जो दक्षिणी अमेरिका के पेरू तट से कुछ दूरी पर दिसंबर के महीने में उत्पन्न होती है।
   2. भारत में मौसमी दशाएँ एल-नीनो से प्रभावित नहीं होती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

22. भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह इस श्रेणी की 15 वीं रिपोर्ट है।
2. इस रिपोर्ट के मुताबिक देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 24.56 प्रतिशत क्षेत्र वनों एवं वृक्षों से आच्छादित है।
3. वर्तमान में सर्वाधिक वनावरण प्रतिशत वाला राज्य मध्य प्रदेश है, जबकि न्यूतम वनावरण प्रतिशत वाला राज्य हरियाणा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही नहीं हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 दोनों (d) 1, 2 और 3

23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. जलोढ़ मृदा | 1. उत्तर प्रदेश |
| B. काली मृदा | 2. पूर्वी मध्य प्रदेश |
| C. लाल मृदा | 3. केरल |
| D. लैटेराइट मृदा | 4. महाराष्ट्र |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भूकंप की उत्पत्ति में केवल अंतर्जात बलों का योगदान है।
2. जिस स्थान पर सर्वप्रथम भूकंपीय तरंगों का अनुभव होता है, उसे भूकंप मूल (Focus) कहते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

25. निम्नलिखित में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. बोलीविया में स्थित टिटिकाका झील ज्वालामुखी क्रिया से निर्मित झील है।
2. बैकाल झील साइबेरिया क्षेत्र में विश्व की सबसे गहरी झील है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अक्षांश में वृद्धि के साथ तापमान में भी वृद्धि होती है।
2. सागर से बढ़ती दूरी के साथ तापांतर बढ़ता जाता है।

उपरोक्त में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सुबह एवं शाम को तिरछी किरणों के कारण कम सूर्यातप प्राप्त होता है।
2. जब पृथ्वी की सूर्य से निकटतम दूरी होती है, उपसौर की स्थिति होती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. तापमान के क्षैतिज वितरण से अभिप्राय अक्षांश के आधार पर तापमान के वितरण से है।
2. निम्न अक्षांश से उच्च अक्षांश की ओर चलने वाली हवाएँ उच्च अक्षांशीय क्षेत्रों के तापमान में वृद्धि करती हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

29. विषुवतीय निम्न वायुदाब पेटी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पेटी 5° उत्तर से 5° दक्षिण अक्षांशों के मध्य स्थित है।
2. इस वायुदाब पेटी को तापजन्य वायुदाब पेटी कहते हैं।
3. इस पेटी में वायुमंडलीय दशाएँ शांत रहती हैं।
4. इस पेटी में सूर्य वर्ष भर लंबवत् चमकता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

30. उष्ण व शीतोष्णकटिबंधीय चक्रवातों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शीतोष्णकटिबंधीय चक्रवात प्रायः महासागरों पर ही विकसित होते हैं, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवात स्थल व सागर, दोनों पर विकसित होते हैं।
2. उष्णकटिबंधीय चक्रवात में वायुदाब प्रवणता तीव्र होती है, जबकि शीतोष्णकटिबंधीय चक्रवात में वायुदाब प्रवणता कम होती है।
3. शीतोष्णकटिबंधीय चक्रवात सामान्यतः महासागरों के पूर्वी भाग में उत्पन्न होते हैं, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवात महासागरों के पश्चिम भाग में उत्पन्न होते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. महाद्वीपों की अपेक्षा महासागरों पर सापेक्षत: वाष्पीकरण अधिक होता है।
2. महासागरों पर सर्वाधिक वाष्पीकरण 10° से 20° अक्षांशों के मध्य दोनों गोलार्द्धों में होता है।
3. वायु के शीतल या ठंडी होने की स्थिति में जलवाष्प धारण करने की क्षमता घटती है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

32. निम्नलिखित में से कौन सागरीय लवणता को नियंत्रित करने वाले कारक हैं?

1. वाष्पीकरण
2. वर्षा द्वारा जल की आपूर्ति
3. सागरीय धाराएँ
4. नदी के जल का आगमन
5. वायु की दिशा

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1, 2 और 4

(c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

33. **कथन (A)**- ओज़ोन क्षरण वर्तमान समय की प्रमुख पर्यावरणीय समस्या है।

**कारण (R)**- $CO_2$ ओज़ोन क्षरण हेतु प्रमुख उत्तरदायी गैस है।

**कूट:**

(a) A सही है, R गलत है।

(b) A गलत है, R सही है।

(c) A व R दोनों सही हैं।

(d) न तो A और न R सही है।

34. पारिस्थितिक पिरामिड के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. संख्या पिरामिड, प्रत्येक पोषण स्तर पर जीवों की संख्या को प्रदर्शित करता है। यह सीधा या उल्टा बन सकता है।
2. बायोमास पिरामिड, प्रत्येक पोषण स्तर पर जीवों के सकल भार को प्रदर्शित करता है। यह सीधा या उल्टा बन सकता है।
3. ऊर्जा पिरामिड, प्रत्येक पोषण स्तर पर जीवों के द्वारा प्रयुक्त कुल ऊर्जा की मात्रा को प्रदर्शित करता है। यह सीधा या उल्टा बन सकता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

35. शीतोष्ण घास प्रदेश बायोम के संबंध में सही जोड़ी का मिलान कीजिये:

| **क्षेत्र** | **घास मैदान** |
|---|---|
| A. यूरेशिया | 1. प्रेयरी |
| B. उत्तरी अमेरिका | 2. स्टेपी |
| C. दक्षिण अफ्रीका | 3. वेल्ड |
| D. दक्षिणी अमेरिका | 4. पंपास |

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

36. पौधों द्वारा नाइट्रोजन को किस रूप में ग्रहण किया जाता है?

(a) नाइट्रेट

(b) जैविक नाइट्रोजन

(c) नाइट्राइट

(d) अमोनिया

37. कार्बन फुट प्रिंट से संबंधित इनमें से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(a) कार्बन फुट प्रिंट का आशय है- प्रति व्यक्ति या प्रति औद्योगिक इकाई की उत्सर्जन मात्रा।

(b) इसके मापन के लिये प्रति व्यक्ति या प्रति औद्योगिक इकाई द्वारा उत्सर्जित सभी ग्रीन हाउस गैसों की कुल मात्रा मापी जाती है।

(c) व्यक्ति की उम्र के आधार पर कार्बन फुट प्रिंट की मात्रा घट या बढ़ सकती है।

(d) उपर्युक्त तीनों कथन असत्य नहीं हैं।

38. निम्नलिखित में से कौन-सा जीव ग्रीष्म निष्क्रियता (Aestivation) नहीं दर्शाता?

(a) मगरमच्छ (b) सैलामैंडर

(c) केंचुआ (d) चमगादड़

39. निम्नलिखित राष्ट्रीय उद्यान व उनकी स्थिति से सही जोड़ी मिलाइये:

| | |
|---|---|
| A. बन्नेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान | 1. मध्य प्रदेश |
| B. रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान | 2. राजस्थान |
| C. मानस राष्ट्रीय उद्यान | 3. कर्नाटक |
| D. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान | 4. असम |

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

40. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. क्षरणीय प्रदूषक | 1. डी.डी.टी. |
| B. स्थायी प्रदूषक | 2. सीसा |
| C. अक्षरणीय प्रदूषक | 3. घर से निकला गंदा पानी |

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| | A | B | C |
|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 1 |

41. संयुक्त लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
(a) राष्ट्रपति
(b) प्रधानमंत्री
(c) राज्यपाल
(d) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

42. अनुच्छेद 352 के तहत घोषित आपात के संदर्भ में कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
1. आपात की उद्घोषणा या उसके काल-विस्तार की उद्घोषणा का अनुमोदन करने के लिये ज़रूरी है कि संबंधित संकल्प संसद के दोनों सदनों के विशेष बहुमत द्वारा पारित किया जाए।
2. यदि आपात उद्घोषणा के 6 माह की अवधि पूरी होने से पहले ही लोकसभा का विघटन हो जाए तो विघटन की तिथि से एक महीने के भीतर यह उद्घोषणा स्वत: समाप्त हो जाती है।
3. मूल संविधान में संसद से अनुमोदन प्राप्त करने के लिये दो महीनों की समय-सीमा दी गई थी, पर 42वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा इसे घटाकर एक महीना कर दिया गया था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

43. निम्नलिखित में से कौन-सा संविधान संशोधन राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 को व्यवहार में लाने के लिये किया गया?
(a) 7वाँ संविधान संशोधन (b) 11वाँ संविधान संशोधन
(c) 22वाँ संविधान संशोधन (d) 42वाँ संविधान संशोधन

44. राज्य पुनर्गठन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. इस आयोग की नियुक्ति अगस्त 1956 में की गई।
2. इस आयोग द्वारा भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन को स्वीकार कर लिया गया।
3. इस आयोग ने बंबई और पंजाब को भाषायी आधार पर बाँटने का विरोध किया।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

45. 73वें संविधान संशोधन द्वारा प्रदत्त उपबंधों के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रावधान राज्य विधानमंडलों के अनिवार्य उपबंध के अंतर्गत नहीं आता?
(a) ग्रामसभा का गठन।
(b) प्रत्येक स्तर की पंचायतों के सभी सदस्यों के लिये प्रत्यक्ष चुनाव।
(c) हर 5वें वर्ष राज्य वित्त आयोग के गठन की बाध्यता।
(d) महिलाओं के लिये आरक्षण की सीमा तय करने का अधिकार।

46. लोक लेखा समिति के संबंध में कौन-सा कथन सही **नहीं** है?
(a) इसमें 15 सदस्य लोकसभा से और 7 सदस्य राज्यसभा से होते हैं।
(b) सदस्यों की सदस्यता-अवधि एक वर्ष से अधिक की नहीं होती है।
(c) इसका प्रमुख कार्य सरकार के वार्षिक लेखों की जाँच करना है।
(d) मंत्रिपरिषद के सदस्यों को भी इसका सदस्य बनाया जा सकता है।

47. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. लघुकरण (Commutation) | 1. मृत्युदंड को अस्थायी तौर पर निलंबित (Suspend) कर देना। |
| B. परिहार (Remission) | 2. अपराधी को दंडादेश से पूरी तरह मुक्त कर देना। |
| C. विराम (Respite) | 3. कठोर प्रकृति के दंड के स्थान पर हल्की प्रकृति का दंड दिया जाना। |
| D. प्रविलंबन (Reprive) | 4. किसी गर्भवती स्त्री को मृत्युदंड के स्थान पर आजीवन कारावास दे देना। |
| E. क्षमा (Pardon) | 5. दंडादेश की प्रकृति बदले बिना दंड की मात्रा को कम कर देना। |

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| (c) | 3 | 5 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 |

48. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
   (a) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिये शपथ या प्रतिज्ञान का प्रारूप वही है, जो भारत के राष्ट्रपति के लिये है।
   (b) सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की आय आयकर से मुक्त होती है।
   (c) यदि कभी सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की गणपूर्ति न हो तो तदर्थ आधार पर न्यायाधीशों की नियुक्ति की जा सकती है।
   (d) सर्वोच्च न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीश के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को ही बुलाया जा सकता है।

49. राज्यपाल द्वारा विधानपरिषद के लिये सदस्यों का मनोनयन किन आधारों पर होता है?
   1. साहित्य
   2. विज्ञान
   3. कला
   4. समाज सेवा
   5. सहकारी आंदोलन

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   (a) केवल 1, 2 और 3   (b) केवल 1, 2 और 4
   (c) केवल 1, 2, 3 और 4   (d) 1, 2, 3, 4 और 5

50. एक संविधान संशोधन विधेयक को संसद के दोनों सदनों से विशेष बहुमत (Special Majority) द्वारा पारित किया गया। यहाँ विशेष बहुमत से आशय है-
   (a) सदन की कुल संख्या के दो-तिहाई बहुमत के साथ-साथ उपस्थित व मतदान करने वाले सदस्यों का बहुमत।
   (b) सदन की कुल संख्या के बहुमत के साथ-साथ उपस्थित व मतदान करने वाले सदस्यों का बहुमत।
   (c) दोनों सदनों में उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत।
   (d) सदन की कुल संख्या के बहुमत के साथ-साथ उपस्थित व मतदान करने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत।

51. निम्नलिखित में से किस वाद में निर्णय के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय ने 'संविधान के आधारभूत ढाँचे की अवधारणा' (Doctrine of the basic structure of constitution) प्रस्तुत की?
   (a) शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ (1951)
   (b) सज्जन सिंह बनाम राजस्थान राज्य (1965)
   (c) गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य (1967)
   (d) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973)

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. संवैधानिक उपचारों के अधिकार का निलंबन किसी भी परिस्थिति में नहीं हो सकता है।
   2. अनुच्छेद-32(4) में इस बात की व्यवस्था की गई है कि अनुच्छेद-32 द्वारा व्यक्तियों को दिये गए अधिकारों का गलत तरीके से निलंबन न किया जा सके।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों   (d) न तो 1, न ही 2

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. मूल संविधान में मूल कर्त्तव्यों की संख्या दस थी।
   2. 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा ग्यारहवें मूल कर्त्तव्य को जोड़ा गया।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों   (d) न तो 1, न ही 2

54. प्रस्तावना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह संविधान का अंग है।
   2. यह न तो विधायिका को कोई विशेष शक्ति प्रदान करती है, न ही उस पर कोई सीमा आरोपित करती है।
   3. यह न्यायालय द्वारा लागू नहीं कराई जा सकती है।
   4. इसके द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को न्यायिक पुनरावलोकन की शक्ति दी गई है।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-से कथन सत्य हैं?
   (a) केवल 1, 2 और 3   (b) केवल 2, 3 और 4
   (c) केवल 1, 3 और 4   (d) 1, 2, 3 और 4

55. अनुच्छेद 371 के संबंध में विचार कीजिये:
   1. वर्तमान में, ऐसी विशेष व्यवस्था 10 राज्यों के लिये लागू है।
   2. मूल संविधान में ये विशेष उपबंध नहीं थे।
   3. इसका उल्लेख भाग-22 के अंतर्गत किया गया है।

   उपर्युक्त में कौन-से कथन सही हैं?
   (a) केवल 1 और 2   (b) केवल 2 और 3
   (c) 1, 2 और 3   (d) केवल 1 और 3

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. किसी राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों का निर्धारण उस राज्य का राज्यपाल करता है।
   2. वह अनुसूचित क्षेत्र, राज्य की कार्यपालिका शक्ति से बाहर होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों   (d) न तो 1, न ही 2

57. संसदीय शासन प्रणाली की विशेषताओं में शामिल हैं-
   1. कार्यपालिका का निर्माण विधायिका में से होता है।
   2. कार्यपालिका के दो प्रमुख होते हैं- एक नाममात्र का तथा दूसरा वास्तविक।
   3. शक्ति पृथक्करण तथा नियंत्रण व संतुलन का सिद्धांत प्रभावी ढंग से पाया जाता है।
   4. विधायिका का समर्थन खो देने पर सरकार भंग हो जाती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

58. भारत में उच्च मुद्रास्फीति का/के प्रमुख कारण है/हैं-

1. जनसंख्या वृद्धि
2. औद्योगिक उत्पादन में कमी
3. आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

59. किसी दी गई अवधि के लिये एक देश की राष्ट्रीय आय-

(a) नागरिकों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य के बराबर होगी।

(b) कुल उपभोग और निवेश व्यय के योग के बराबर होगी।

(c) सभी व्यक्तियों की वैयक्तिक आय के योग के बराबर होगी।

(d) उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के बराबर होगी।

60. फरवरी 2006 में प्रभावी हुए SEZ एक्ट, 2005 के कुछ उद्देश्य हैं। इस संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. अवसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) सुविधाओं का विकास।
2. विदेशी स्रोतों से निवेश को प्रोत्साहन।
3. केवल सेवा क्षेत्र में निर्यात को प्रोत्साहन।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से इस एक्ट के उद्देश्य है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

61. विश्व व्यापार संगठन के संदर्भ में विचार कीजिये:

1. इसका सृजन प्रशुल्क एवं व्यापार संबंधी सामान्य समझौते के स्थान पर हुआ।
2. इसकी स्थापना उरुग्वे दौर की वार्ता के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद की गई थी।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

62. एक ऐसा संघ, जिसमें सदस्य देश संघ में उत्पादित सामग्रियों पर निम्न व्यापार बाधाओं का प्रयोग करते हैं, कहलाता है–

(a) अधिमान्य व्यापार समझौता (b) मुक्त व्यापार क्षेत्र

(c) सीमा-शुल्क संघ (d) साझा बाज़ार

63. निम्नलिखित में से कौन-सी मदें सरकार की राजस्व प्राप्तियों के अंतर्गत हैं?

(a) ऋण वसूली, विनिवेश, ब्याज प्राप्तियाँ

(b) शुल्क, करेंसी छपाई, ब्याज प्राप्तियाँ

(c) निवेश, उत्पाद कर, विदेशी ऋण

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

64. किसी अर्थव्यवस्था में यदि ब्याज की दर को घटाया जाता है, तो वह

(a) अर्थव्यवस्था में उपभोग व्यय घटाएगी

(b) सरकार के कर-संग्रह को बढ़ाएगी

(c) अर्थव्यवस्था में निवेश व्यय को बढ़ाएगी

(d) अर्थव्यवस्था में कुल बचत को बढ़ाएगी

65. सतत् विकास का आधार है-

(a) सामाजिक दृष्टिकोण (b) आर्थिक दृष्टिकोण

(c) पर्यावरणीय दृष्टिकोण (d) राजनीतिक दृष्टिकोण

66. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. श्रम आपूर्ति को व्यक्ति-दिनों के रूप में मापा जाता है।
2. कार्यबल से श्रमबल को घटाने पर बेरोज़गार व्यक्तियों की संख्या की प्राप्ति होती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

67. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के संबंध में सही हैं-

1. शेयर बाज़ार को नियंत्रित और विनियमित करने का कार्य भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, अर्थात् सेबी द्वारा किया जाता है।
2. सेबी का प्रबंधन छ: सदस्यों की देख-रेख में होता है।
3. इसका अध्यक्ष केंद्र सरकार द्वारा कोई नामनिर्दिष्ट विशेष योग्यता प्राप्त व्यक्ति होता है।
4. इसके दो अन्य सदस्यों में केंद्रीय मंत्रालयों के अधिकारियों में से ऐसे व्यक्ति नामित होते हैं, जो वित्त एवं कानून के विशेषज्ञ होते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 4 (b) केवल 1, 2 और 3

(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में वर्तमान समय में गरीबी अनुमान 2009 में गठित तेंदुलकर समिति की अनुशंसाओं के आधार पर लगाया जाता है।
2. डॉ. सी. रंगराजन समिति गरीबी से संबंधित नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

69. निम्नलिखित में से किस एक का अपने प्रभाव में सर्वाधिक स्फीतिकारी होने की संभावना है?

(a) लोक ऋण की चुकौती।

(b) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये जनता से ऋणदान।

(c) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये बैंकों से ऋणदान।

(d) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये नई मुद्रा का सृजन।

70. एपिडर्मिस के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह त्वचा का बाह्यतम स्तर है।
2. इसमें रुधिर वाहिनियाँ नहीं पाई जातीं।
3. इसमें केश पुटिकाएँ पाई जाती हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) 1, 2 और 3 (d) इनमें से कोई नहीं।

71. अग्न्याशय रस (Pancreatic juice) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह रस अम्लीय होता है, जो अग्न्याशयी कोशिकाओं द्वारा स्रावित होता है।
2. इसमें कार्बोहाइड्रेट, वसा, प्रोटीन आदि के पाचन के लिये पाचक एंज़ाइम्स उपस्थित होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

72. निम्नलिखित कथनों के संदर्भ में विचार कीजिये:
1. टिटनेस 2. डिप्थीरिया
3. प्लेग 4. खसरा
5. चेचक 6. मलेरिया

उपर्युक्त में से कौन-से जीवाणुजन्य रोग हैं?
(a) 1, 2, 3, 4 और 5 (b) 1, 2, 3 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी।

73. पराश्रव्य तरंगों के बारे में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिये:
1. ये कीड़ों को नष्ट कर सकती हैं।
2. ये कपड़ों से धूल हटाकर उन्हें साफ कर सकती हैं।
3. इनका उपयोग बीमारियों के उपचार के लिये किया जा सकता है।
4. ये स्वचालित दरवाज़ों को नियंत्रित कर सकती हैं।

उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

74. **कथन (A):** एक छड़ी को जल में तिरछी स्थिति में डुबोया गया है। यदि बगल से देखा जाए तो छड़ी छोटी और जल की सतह पर झुकी हुई प्रतीत होती है।

**कारण (R):** छड़ी से आने वाला प्रकाश जल अणुओं से प्रकीर्णित होकर छड़ी के छोटी एवं झुकी हुई होने का आभास देता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
(a) A और R दोनों सही हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और R दोनों सही हैं, किंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) A सही है, परंतु R गलत है।
(d) A गलत है, परंतु R सही है।

75. कम वोल्टेज़ पर कार्य करने पर विद्युत मोटर प्राय: जल जाती हैं, क्योंकि-
(a) वे अधिक विद्युत धारा खींचती हैं, जो वोल्टेज़ के प्रतिलोमानुपाती होती है।
(b) वे अधिक विद्युत धारा खींचती हैं, जो वोल्टेज़ के वर्गमूल के प्रतिलोमानुपाती होती है।
(c) वे $V^2$ के समानुपाती ऊष्मा खींचती हैं।
(d) कम वोल्टेज़ विद्युतीय विसंजन प्रारंभ कर देता है।

76. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के अंत में दिये कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. हड्डियों में उपस्थित यौगिक | 1. लैक्टिक एसिड |
| B. सिरका में उपस्थित अम्ल | 2. एथिलीन |
| C. दूध का खट्टा होना | 3. एसिटिक एसिड |
| D. फलों का पकना | 4. कैल्सियम फॉस्फेट |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

77. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. किसी आवर्त (Period) में बाएँ से दाएँ चलने पर तत्त्वों के प्रथम आयनन विभव सामान्यत: बढ़ते हैं।
2. किसी वर्ग (Group) में ऊपर से नीचे की ओर चलने पर विद्युत ऋणात्मकता घटती है।
3. किसी आवर्त (Period) में बाएँ से दाएँ चलने पर तत्त्वों का धात्विक गुण घटता है।

सही कथनों का चुनाव कीजिये:
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

78. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| जैव प्रौद्योगिकी संस्थान | अवस्थिति |
|---|---|
| 1. राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र | : इज़्ज़तनगर (बरेली) |
| 2. भारतीय वेटनरी अनुसंधान संस्थान | : नई दिल्ली |
| 3. राष्ट्रीय दुग्ध अनुसंधान संस्थान | : करनाल |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
(a) केवल 3 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

79. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. एलसीडी टेलीविज़न में ऊर्जा की खपत प्लाज़्मा टीवी की तुलना में कम होती है।
   2. एल.ई.डी. टेलीविज़न में गैलियम या आर्सेनिक जैसे अर्द्धचालकों (Semi Conductor) का प्रयोग किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

80. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:
   1. त्रिशूल – सतह-से-हवा में मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र
   2. आकाश – सतह-से-सतह पर मार करने वाला प्रक्षेपास्त्र
   3. नाग – टैंकरोधी निर्देशित प्रक्षेपास्त्र

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
   (a) केवल 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

81. भू-स्थैतिक कक्षा (Geo Stationary Orbit) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
   (a) इस कक्षा में उपस्थित उपग्रह की कक्षीय अवधि पृथ्वी के घूर्णन काल के बराबर होती है।
   (b) इस कक्षा की ऊँचाई लगभग 36,000 किमी. होती है।
   (c) भू-स्थैतिक कक्षा, भू-तुल्यकालिक कक्षा का एक प्रकार है, जिसमें झुकाव कोण शून्य डिग्री होता है।
   (d) इस कक्षा में मार्गदर्शक उपग्रह (Navigational Satellite) को स्थापित किया जाता है।

82. 'वैश्विक बौद्धिक संपदा सूचकांक-2020' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह 'वैश्विक बौद्धिक संपदा सूचकांक' का आठवाँ संस्करण है, जिसका शीर्षक 'आर्ट ऑफ द पॉसिबल' है।
   2. इस सूचकांक में शामिल 53 देशों की वैश्विक जी. डी. पी. में 90% की भागीदारी है।
   3. इस सूचकांक में भारत को 53 देशों में 40वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
   4. तीन नई अर्थव्यवस्थाओं- कुवैत, ग्रीस, डोमिनिकन गणराज्य को भी इस वर्ष के सूचकांक में शामिल किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
   (a) केवल 3 और 4 (d) केवल 2 और 4
   (c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2, 3 और 4

83. 'साहित्य अकादमी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसकी स्थापना 1954 में भारत सरकार के प्रस्ताव के अंतर्गत हुई, जिसमें अकादमी का संविधान भी प्रस्तावित था।
   2. इसके पहले अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू थे तथा वर्तमान अध्यक्ष नरेंद्र मोदी हैं।
   3. यह ऐसी एकमात्र संस्था है, जो भारत की 24 भाषाओं में साहित्यिक क्रियाकलापों को संरक्षित व पुरस्कृत करती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

84. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | नई तकनीक | | प्रयोग |
|---|---|---|---|
| 1. | इंटरनेट ऑफ थिंग्स | : | परस्पर जुड़े उपकरणों का विकास और प्रबंधन |
| 2. | ब्लॉकचेन | : | एक वितरित और विकेंद्रीकृत जनबहीखाते की स्थापना एवं प्रबंधन करना |
| 3. | फ्रॉड डिटेक्शन | : | प्रौद्योगिकी के माध्यम से धोखाधड़ी का पता लगाना |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
   (a) 1, 2 और 3 (b) केवल 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1 और 2

85. 'टैक्स हैवन देश' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. टैक्स हैवन देश उन्हें कहा जाता है, जहाँ अन्य देशों की अपेक्षा बहुत कम कर लगता है या बिल्कुल कर नहीं लगता।
   2. हाल ही में यूरोपियन यूनियन ने पनामा, सेशेल्स, केमिनो आइलैंड और पलाऊ को टैक्स हैवन देशों के रूप में ब्लैक लिस्ट में डाला है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2

86. हाल ही में भारत के 10 नए आर्द्रभूमि स्थलों को रामसर अभिसमय के तहत मान्यता दी गई है। इन आर्द्रभूमि स्थलों में शामिल हैं-
   1. नंदुर मदमहेश्वर, महाराष्ट्र
   2. ब्यास कंजर्वेशन रिज़र्व, पंजाब
   3. सांडी आर्द्रभूमि, उत्तर प्रदेश
   4. सरसई नवार, उत्तर प्रदेश

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 4
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

87. 'जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. 'जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019' 6 अगस्त, 2019 को लोकसभा में पारित किया गया।
    2. इस अधिनियम के माध्यम से जम्मू-कश्मीर राज्य का पुनर्गठन कर दो नए केंद्रशासित प्रदेशों- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की स्थापना की गई।
    3. इस अधिनियम के माध्यम से जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के लिये 107 सीटों वाली विधानसभा की व्यवस्था की गई।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 3 (b) केवल 2 और 3
    (c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

88. हाल ही में केंद्र सरकार ने कोविड-19 के मामलों को ट्रैक करने हेतु सार्वजनिक-निजी साझेदारी से 'आरोग्य सेतु' नामक एक एप लॉन्च किया है। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. 'आरोग्य सेतु' एप प्रत्येक भारतीय के स्वास्थ्य और कल्याण हेतु डिजिटल इंडिया से जुड़ा है।
    2. यह एप 11 भाषाओं में उपलब्ध है और साथ ही इसमें देश के सभी राज्यों के हेल्पलाइन नंबरों की सूची भी प्रदान की गई है।
    3. उपयोगकर्त्ता के दायरे में आने वाले कोरोना पॉजिटिव व्यक्तियों का विश्लेषण परिष्कृत मापदंडों के आधार पर करते हुए यह एप संक्रमण के जोखिम की गणना कर सकता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
    (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

89. 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष की स्थापना 1948 में पाकिस्तान से विस्थापित लोगों की मदद करने के लिये की गई थी।
    2. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10 और 139 के तहत आयकर रिटर्न भरने से छूट प्राप्त है।
    3. प्रधानमंत्री इस राहत कोष का अध्यक्ष होता है और अधिकारी/कर्मचारी अवैतनिक आधार पर इसके संचालन में उसकी सहायता करते हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1 और 2
    (b) 1, 2 और 3
    (c) केवल 3
    (d) केवल 2

90. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. दिसंबर 2019 तक भारत में नेशनल पार्क की संख्या 101 है।
    2. वर्ष 2019 में अडमान और निकोबार द्वीप समूह के तीन बत्तन आइलैंड (नॉर्थ बत्तन, मिडिल बत्तन तथा साउथ बत्तन) नेशनल पार्क को रानी झांसी मरीन नेशनल पार्क में शामिल कर दिया गया।
    3. रानी झांसी मरीन नेशनल पार्क की स्थापना वर्ष 2019 में की गई।

    उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं?

    (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
    (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

91. निम्नलिखित योजनाओं/कार्यक्रमों पर विचार कीजिये:
    1. नया सवेरा 2. पढ़ो परदेश
    3. नई रोशनी 4. जियो पारसी
    5. उस्ताद योजना

    उपर्युक्त में से कौन-सी योजनाएँ अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित हैं?

    (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 4 और 5
    (c) केवल 2 और 4 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

92. 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2020 में भारत 142वें स्थान पर है।
    2. यह सूचकांक प्रत्येक वर्ष रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स नामक गैर-सरकारी संगठन द्वारा जारी किया जाता है।
    3. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक का प्रथम संस्करण वर्ष 2008 में प्रकाशित किया गया था।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
    (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

93. 'हेलीकॉप्टर मनी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह एक अपरंपरागत मौद्रिक नीति उपकरण है, जिसका उद्देश्य किसी संघर्षरत् अर्थव्यवस्था को फिर से गति देना होता है।
    2. इस तरह की नीति के तहत केंद्रीय बैंक सरकार के माध्यम से धन की आपूर्ति को प्रत्यक्ष रूप से बढ़ाता है और मांग एवं मुद्रास्फीति को बढ़ाने के उद्देश्य से जनसंख्या में नई नकदी वितरित करता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

94. 'विश्व प्रवासी पक्षी दिवस' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. इस वर्ष 9 मई को विश्व भर में 'विश्व प्रवासी पक्षी दिवस' मनाया गया।
   2. इस वर्ष 'विश्व प्रवासी पक्षी दिवस' की थीम 'पक्षी हमारी दुनिया को जोड़ते हैं' है।
   3. यह दिवस वर्ष में दो बार मनाया जाता है।

   कूट:

   (a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

95. '20वीं पशुधन जनगणना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. 20वीं पशुधन जनगणना के अनुसार देश में कुल पशुधन आबादी 535.78 मिलियन है।
   2. इस जनगणना के अनुसार पश्चिम बंगाल में पशुओं की संख्या में सबसे अधिक वृद्धि हुई एवं उसके बाद तेलंगाना का स्थान रहा।
   3. 20वीं पशुधन जनगणना में पहली बार फील्ड से ऑनलाइन प्रसारण के माध्यम से घरेलू स्तर के डाटा का अंकीकरण किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

96. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक ऐसा फंड है, जिसमें कर्मचारी और नियोक्ता प्रत्येक महीने मूल वेतन राशि के एक निर्धारित अंश का योगदान करते हैं।
   2. वर्तमान में ईपीएफओ से राशि की निकासी करमुक्त है, यदि कर्मचारी ने निरंतर 5 वर्ष तक सेवा पूरी कर ली है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2

97. हाल ही में हिमालयी तितली 'गोल्डन बर्डविंग' को 88 वर्षों के बाद भारत की सबसे बड़ी तितली के रूप में खोजा गया, इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. 'गोल्डन बर्डविंग' का वैज्ञानिक नाम 'ट्रॉइडस आइकस' है।
   2. इस तितली प्रजाति ने उस अज्ञात प्रजाति का स्थान लिया है, जिसे एक ब्रिटिश सेना अधिकारी ब्रिगेडियर इवास ने वर्ष 1932 में खोजा था।
   3. 'मादा गोल्डन बर्डविंग' को उत्तराखंड के डीडीहाट से, जबकि 'नर गोल्डन बर्डविंग' को मेघालय के शिलांग में 'वानखर तितली संग्रहालय' से खोजा गया।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

98. हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड' नामक एक आधिकारिक वैश्विक अध्ययन रिपोर्ट जारी की गई है। इस संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. रिपोर्ट के अनुसार, एशिया में कुपोषित लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जबकि दूसरे स्थान पर अफ्रीका है।
   2. रिपोर्ट के अनुसार, भारत की कुल जनसंख्या में अल्पपोषित लोगों की संख्या 2004-06 में 21.7% से घटकर 2017-19 में 14% हो गई है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2

99. हाल ही में जी-20 समूह के देशों द्वारा कोविड-19 महामारी से निपटने तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग हेतु 'जी-20 वर्चुअल समिट' का आयोजन किस देश की अध्यक्षता में किया गया?

   (a) भारत
   (b) सऊदी अरब
   (c) चीन
   (d) ऑस्ट्रेलिया

100. 'कश्मीरी केसर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. हाल ही में कश्मीरी केसर को 'भौगोलिक संकेतक रजिस्ट्री' द्वारा 'भौगोलिक संकेतक' (जी.आई.) का टैग प्रदान किया गया।
   2. कश्मीरी केसर तीन प्रकार की होती है- लच्छा केसर, मोंगरा केसर तथा गुच्छी केसर।
   3. कश्मीरी केसर गहरे लाल रंग की उच्च सुगंध युक्त कड़वे स्वाद वाली होती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

## यू.पी.एस.सी (प्रारंभिक परीक्षा), 2020
## सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-5) उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (d) | 39. | (d) | 77. | (d) |
| 2. | (c) | 40. | (c) | 78. | (a) |
| 3. | (c) | 41. | (a) | 79. | (c) |
| 4. | (d) | 42. | (b) | 80. | (c) |
| 5. | (b) | 43. | (a) | 81. | (d) |
| 6. | (d) | 44. | (b) | 82. | (d) |
| 7. | (d) | 45. | (d) | 83. | (a) |
| 8. | (c) | 46. | (d) | 84. | (a) |
| 9. | (d) | 47. | (c) | 85. | (c) |
| 10. | (c) | 48. | (c) | 86. | (d) |
| 11. | (c) | 49. | (d) | 87. | (d) |
| 12. | (c) | 50. | (d) | 88. | (d) |
| 13. | (c) | 51. | (d) | 89. | (b) |
| 14. | (c) | 52. | (b) | 90. | (a) |
| 15. | (b) | 53. | (d) | 91. | (d) |
| 16. | (a) | 54. | (a) | 92. | (a) |
| 17. | (d) | 55. | (a) | 93. | (c) |
| 18. | (d) | 56. | (d) | 94. | (d) |
| 19. | (a) | 57. | (c) | 95. | (d) |
| 20. | (c) | 58. | (d) | 96. | (c) |
| 21. | (a) | 59. | (d) | 97. | (d) |
| 22. | (b) | 60. | (a) | 98. | (c) |
| 23. | (a) | 61. | (c) | 99. | (b) |
| 24. | (d) | 62. | (a) | 100. | (d) |
| 25. | (c) | 63. | (b) | | |
| 26. | (b) | 64. | (c) | | |
| 27. | (c) | 65. | (c) | | |
| 28. | (c) | 66. | (a) | | |
| 29. | (d) | 67. | (d) | | |
| 30. | (c) | 68. | (a) | | |
| 31. | (d) | 69. | (d) | | |
| 32. | (d) | 70. | (b) | | |
| 33. | (a) | 71. | (c) | | |
| 34. | (a) | 72. | (c) | | |
| 35. | (b) | 73. | (d) | | |
| 36. | (c) | 74. | (c) | | |
| 37. | (d) | 75. | (a) | | |
| 38. | (d) | 76. | (d) | | |